8-1/CSU/Acd/Admissions/CUET-PG/2026/185

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Central Sanskrit University
जनकपुरी, नई दिल्ली
Janakpuri, New Delhi

(शैक्षणिक विभाग/Academic Section) **दिनांक/Date: 08-06-2026**

अधिसूचना/Notification

विषय:- शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) एवं शिक्षाचार्य (M.Ed.) प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के आवेदन-पत्र में संशोधन (Correction Window) के संबंध में।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) एवं शिक्षाचार्य (M.Ed.) प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आवेदन-पत्र में आवश्यक संशोधन (Correction) करने के लिए समर्थ पोर्टल पर दिनांक **11 जून, 2026 से 12 जून, 2026 तक (रात्रि 11:59 बजे तक)** संशोधन विंडो (Correction Window) सक्रिय रहेगी।

अभ्यर्थी उक्त अवधि में अपने आवेदन-पत्र में अंकित विवरणों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। **विशेष रूप से शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) कार्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी परम्परागत धारा (Traditional Stream) एवं आधुनिक धारा (Modern Stream) के चयन से संबंधित त्रुटियों में संशोधन कर सकेंगे।** [परम्परागत धारा के अंतर्गत शास्त्री (UG), आचार्य (PG), विद्यालंकार (UG), वेदालंकार (PG), शिरोमणि मध्यमा (UG), शिरोमणि (PG), विद्वन्मध्यमा (UG), विद्वदुत्तमा (PG), विद्वान् (PG) आदि उपाधियाँ तथा आधुनिक धारा के अंतर्गत B.A., M.A. आदि उपाधियाँ सम्मिलित हैं।]

इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी श्रेणी (Category) तथा अन्य आवश्यक प्रविष्टियों का सत्यापन एवं संशोधन कर अपना आवेदन अद्यतन कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण निर्देश

1. संशोधन विंडो केवल **11 जून, 2026 से 12 जून, 2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)** उपलब्ध रहेगी।
2. निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. आवेदन-पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण सूचना के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या अथवा प्रवेश निरस्तीकरण के लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

समर्थ पोर्टल संशोधन लिंक (Samarth Portal):
https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/

08/06/26
(डॉ. देवानन्द शुक्ल)
उप-निदेशक (शै.)

प्रतिलिपि-

1. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय
2. निजी सचिव, कुलसचिव कार्यालय
3. परीक्षा नियंत्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4. अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र विद्यास्थान
5. अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा
6. परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
7. सम्बद्ध संचिका